उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19-सी, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

**सूचना / विज्ञप्ति**

**उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन हेतु निर्गत प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में सूचना।**

संख्याः पीआरपीबी–चार–12(37) / 2025 (टी0 / सी0) दिनांकः सितम्बर 26, 2025

उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन भर्ती / चयन वर्ष 2020 से 2025 (01–07–2020 से 30–06–2026) तक की कुल 176 रिक्तियों के सापेक्ष विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में प्रकाशित की गयी बोर्ड की समसंख्यक सूचना / विज्ञप्ति दिनांकितः 15–09–2025 द्वारा प्रश्नगत चयन हेतु लिखित परीक्षा **"लखनऊ विश्वविद्यालय, ओल्ड कैम्पस, यूनीवर्सिटी रोड, बादशाहबाग, हनुमान सेतु के निकट, लखनऊ–226007" में दिनांक 05–10–2025** को समय 09.30 से 12.30 बजे तक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए विभागीय परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने का लिंक बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

2– कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा उनके प्रवेश पत्र में उनका पीएनओ, नाम, पिता का नाम व जन्म तिथि गलत अंकित होने की सूचना दी जा रही है। ऐसे परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह ऐसी त्रुटियों का निराकरण कराये जाने हेतु अपना प्रार्थना पत्र **दिनांक 30–09–2025 तक प्रत्येक दशा** में हेल्पलाईन मेल आईडी– **helplinehcmt@gmail.com** में भेज दें। प्रार्थना पत्र में स्पष्ट उल्लेख करें कि क्या डाटा त्रुटिपूर्ण है तथा सही डाटा भी अंकित करें।

3– साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र में त्रुटि होने पर भी परीक्षार्थी द्वारा प्रवेश पत्र के बिन्दु–4 में उल्लिखित पहचान पत्रों में से कोई भी पहचान पत्र दिखाने पर परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा तथा परीक्षार्थी की ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक का मूल्यांकन भी किया जायेगा। परीक्षार्थियों के त्रुटिपूर्ण प्रवेश पत्रों, परिलक्षित त्रुटियों का भी यथा समय निराकरण किया जायेगा।

26/9/25

**अपर सचिव (प्रोन्नति)**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**